**भारत सरकार**

**आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय**

**लोक सभा**

**अतारांकित प्रश्न सं. 4059**

**19 दिसंबर, 2024 को उत्तर दिए जाने के लिए**

**कर्नाटक में एसबीएम-यू 2.0**

**†4059. श्री पी. सी. मोहनः**

क्या **आवासन और शहरी कार्य** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) कर्नाटक के बेंगलुरु शहरी जिले में स्वच्छ भारत मिशन-शहरी (एसबीएम-यू) 2.0 के अंतर्गत व्यक्तिगत घरेलू शौचालय (आईएचएचएल), सामुदायिक शौचालय/सार्वजनिक शौचालय (सीटी/पीटी) और ठोस अपशिष्ट प्रबंधन (एसडब्ल्यूएम) के निर्माण संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ख) एसबीएम-यू 2.0 के अंतर्गत कर्नाटक को आवंटित और जारी की गई निधि का ब्यौरा क्या है?

**उत्तर**

**आवासन और शहरी कार्य राज्य मंत्री**

**(श्री तोखन साहू)**

(क): भारत सरकार ने 2 अक्टूबर, 2014 को स्वच्छ भारत मिशन-शहरी (एसबीएम-यू) की शुरुआत की थी, जिसका उद्देश्य खुले में शौच से मुक्ति (ओडीएफ) और देश के शहरी क्षेत्रों में उत्पन्न नगरपालिका ठोस अपशिष्ट (एमएसडब्ल्यू) का वैज्ञानिक प्रसंस्करण करना है। फेज़-I के तहत की गई प्रगति को आगे बढ़ाने के लिए, 1 अक्टूबर, 2021 को एसबीएम-शहरी 2.0 की शुरुआत की गई, जिसका उद्देश्य स्रोत पृथक्करण, घर-घर जाकर संग्रहण और नगरपालिका ठोस अपशिष्ट के वैज्ञानिक प्रसंस्करण के माध्यम से "कचरा मुक्त" स्थिति प्राप्त करना है। यह योजना कर्नाटक के बेंगलुरु शहरी जिले के यूएलबी सहित सभी शहरी स्थानीय निकायों (यूएलबी) पर लागू है।

एसबीएम-यू और एसबीएम-यू 2.0 के तहत राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों को केंद्रीय हिस्से की धनराशि राज्य सरकार से प्राप्त ऐसे पूर्ण प्रस्ताव के आधार पर जारी की जाती है, जिसे राज्य स्तरीय तकनीकी समिति (एसएलटीसी) द्वारा विधिवत अनुमोदित किया गया हो। इसलिए, मंत्रालय स्तर पर कोई जिला-वार डेटा नहीं रखा जाता है।

कर्नाटक में व्यक्तिगत घरेलू शौचालय (आईएचएचएल), सामुदायिक शौचालय/सार्वजनिक शौचालय (सीटी/पीटी) के निर्माण का ब्यौरा निम्नानुसार है:

| क्र. सं. | मद | मिशन लक्ष्य | पूर्ण (संचयी) |
|---|---|---|---|
| 1. | आईएचएचएल | 3,50,000 | 3,93,278 |
| 2. | सामुदायिक शौचालय/सार्वजनिक शौचालय | 34,839 | 36,556 |

स्वच्छतम पोर्टल पर शहरी स्थानीय निकायों के रिकार्ड के अनुसार राज्य के ठोस अपशिष्ट प्रबंधन का ब्यौरा इस प्रकार है:

| क्र.सं. | मद | संख्या/मात्रा |
|---|---|---|
| 1. | कुल वार्ड | 7,285 |
| 2. | 100% घर-घर जाकर संग्रहण वाला वार्ड | 7,076 |
| 3. | कुल अपशिष्ट उत्पादन | 9,441 एमटीडी |
| 4. | कुल अपशिष्ट प्रसंस्करण | 8,496 (90%) |

ठोस अपशिष्ट प्रबंधन के संबंध में शहरी स्थानीय निकाय-वार ब्यौरा https://sbmurban.org/swachh-bharat-mission-progess पर उपलब्ध है।

(ख): एसबीएम-यू के तहत कर्नाटक राज्य को 820.96 करोड़ रुपये की धनराशि आवंटित की गई थी, जिसमें से राज्य द्वारा उपयोग के आधार पर 758.93 करोड़ रुपये जारी किए गए थे। एसबीएम-यू 2.0 के तहत कर्नाटक राज्य को 2245.30 करोड़ रुपये की धनराशि आवंटित की गई है, जिसमें से राज्य द्वारा उपयोग के आधार पर 326.68 करोड़ रुपये जारी किए गए हैं।

*****